संघ लोक सेवा आयोग
मुख्य परीक्षा-2020
(सामान्य अध्ययन-II)
मॉडल पेपर-1

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 250**

1. 'न्यायिक अवमानना' से क्या आशय है? इससे संबंधित विभिन्न मुद्दों एवं संवैधानिक पक्षों की चर्चा करते हुए स्पष्ट करें कि क्या यह संविधान द्वारा प्रदत्त वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करती है? **(150 शब्द) 10**
2. हाल ही में संसद द्वारा पारित किये गए कृषि विधेयकों के परिप्रेक्ष्य में कृषि से संबंधित विषय की संवैधानिक स्थिति को स्पष्ट करते हुए केंद्र के पास कृषि से संबंधित विषयों पर कानून बनाने के आधारों पर प्रकाश डालें। **(150 शब्द) 10**
3. सैद्धांतिक तौर पर सूचना का अधिकार और निजता का अधिकार परस्पर विरोधी होने के साथ-साथ एक-दूसरे के पूरक भी हैं। विवेचना कीजिये। **(150 शब्द) 10**
4. "भारतीय न्यायिक व्यवस्था और संवैधानिक व्याख्या की प्रक्रिया, देश की स्वतंत्रता और संविधान निर्माण के 70 वर्षों के बाद भी, अनवरत गतिशील है ।" इस कथन के संदर्भ में संविधान के ऐतिहासिक 'आधारभूत संरचना सिद्धांत' का विश्लेषण करें। **(150 शब्द) 10**
5. नीति आयोग द्वारा जारी डेटा एंपावरमेंट एंड प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (DEPA) प्रारूप के प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की चर्चा करें। **(150 शब्द) 10**
6. कठोर दंड प्रावधानों के बाद भी भारत में हाथ से मैला ढोने की प्रथा (मैनुअल स्कैवेंजिंग) जारी है। इस संदर्भ में 'हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों (मैनुअल स्कैवेंजर्स) के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास (संशोधन) विधेयक 2020' के प्रमुख प्रावधानों की चर्चा कीजिये। **(150 शब्द) 10**
7. नि:शुल्क विधिक सहायता भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त एक अनिवार्य मूल अधिकार है। भारत में इस विधिक सहायता तक पहुँच प्रदान करने में आने वाली बाधाओं की चर्चा करें तथा सुधार के उपाय बताएँ। **(150 शब्द) 10**
8. ग्रामीण लोगों को आत्मनिर्भर बनाकर 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के उद्देश्यों को पूरा करने में 'स्वामित्व योजना' किस प्रकार सहायक हो सकती है? इस योजना के प्रमुख प्रावधानों की चर्चा करते हुए इसके लाभों को रेखांकित करें। **(150 शब्द) 10**
9. भारतीय अर्थव्यवस्था में खाड़ी देशों की भूमिका की समीक्षा करें तथा खाड़ी क्षेत्र में भारत की नवीन रणनीतिक साझेदारी वर्तमान की आवश्यकता है, को स्पष्ट करते हुए भारत के खाड़ी देशों के साथ संबंधों को मज़बूत करने की संभावनाओं की चर्चा करें। **(150 शब्द) 10**
10. संयुक्त राष्ट्र (UN) की स्थापना हुए सात दशक से अधिक का समय बीत चुका है, इसके बाद भी इसमें प्राय: 'सिद्धांत' और 'शक्ति' के मध्य संघर्ष देखने को मिलता रहता है। इसमें निहित समस्याओं की चर्चा करते हुए सुधार हेतु उपयुक्त सुझाव दें। **(150 शब्द) 10**
11. भारतीय संविधान का अनुच्छेद-32, मूल अधिकारों का हनन होने पर न्यायालय में जाने के अधिकार के प्रावधानों को किस प्रकार परिभाषित करता है? सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इसकी विभिन्न अवसरों पर की गई व्याख्याओं के आलोक में चर्चा करें। **(250 शब्द) 15**
12. "गैर सरकारी संगठन नागरिकों को सहभागी लोकतंत्र का हिस्सा बनाते हैं।" टिप्पणी कीजिये। **(250 शब्द) 15**
13. भारत में केंद्र तथा राज्यों के मध्य राजकोषीय संघवाद को संतुलित करने में, केंद्रीय वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, फिर भी इसकी सिफारिशें बाध्यकारी प्रकृति की नहीं होतीं। विवेचना करें। **(250 शब्द) 15**
14. भारत में ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और विनियामक निकायों का एकीकरण समय की आवश्यकता है। एकीकृत व्यवस्था किस प्रकार इस क्षेत्र को अधिक लाभांवित कर सकती है? चर्चा करें। **(250 शब्द) 15**
15. "बजटीय प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी तथा लोक वित्त की संसद द्वारा संवीक्षा सरकार की जवाबदेही का महत्त्वपूर्ण आयाम है ।" इस कथन के संदर्भ में संसदीय बजट कार्यालय (PBO) की आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए इसकी स्थापना में आने वाली चुनौतियों का उल्लेख करें। **(250 शब्द) 15**

Drishti IAS

16. वैश्विक भुखमरी सूचकांक (GHI) में भारत अन्य देशों की तुलना में किस प्रकार अलग मापदंडों पर निष्पादन करता है? भारत में नाटे एवं कृशकाय बच्चों का बढ़ता स्तर 2022 तक कुपोषण मुक्त भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में कितना बाधक है? चर्चा कीजिये। **(250 शब्द) 15**

17. "स्वयं सहायता समूहों को व्यापार उद्यम के रूप में विकसित करने हेतु एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाए जाने की ज़रूरत है।" महिला उद्यमिता तथा ग्रामीण विकास के विशेष संदर्भ में चर्चा करें। **(250 शब्द) 15**

18. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा सूत्र, कई क्षेत्रीय भाषाओं से युक्त, देश की भाषायी विविधता के समरूपकरण का एक प्रयास है। इसके क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों का उल्लेख करते हुए विश्लेषण करें। **(250 शब्द) 15**

19. हिंद-प्रशांत (Indo - Pacific) क्षेत्र में विभिन्न रणनीतिक समझौतों के अस्तित्व में आने की चर्चा करते हुए परीक्षण करें कि इन समझौतों के क्या निहितार्थ हो सकते हैं? **(250 शब्द) 15**

20. अफगानिस्तान से अमेरिकी सैन्य बलों की वापसी तथा तालिबान का युद्ध विराम अंतर-अफगान वार्ता प्रारंभ करने का एक अवसर हो सकता है। हालाँकि इससे भारत के समक्ष नई चुनौतियाँ भी संभावित हैं। चर्चा कीजिये। **(250 शब्द) 15**

Drishti IAS